**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 08.11.2024 समय : 0705

<><><><><><><><><>

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा–सरकारी नौकरियों के भर्ती नियमों में, बीच में किसी तरह का फेरबदल नहीं किया जा सकता।।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने मुख्य सचिव के साथ समीक्षा बैठक की।
- इन्वेस्ट इंडिया की ओर से उद्योग विभाग के सहयोग से हितधारकों के लिए परामर्श और एक ज़िला–एक उत्पाद संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज संस्था के अभियंताओं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों से जुड़े ठेकेदारों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।
- खेल और युवा मामले विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के लिए तैराकी पर कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><><>

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती के निर्धारित नियमों में किसी प्रकार का फेर–बदल नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि चयन में नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद चौदह के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा भेदभाव रहित नीति अपनाई जानी चाहिए ताकि उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में प्रभारी मुख्य सचिव ए एस पी एस रविप्रकाश और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्वीप समूह में मैला ढांने वाले लोगों के रोजगार और उनके पुनर्वास अधिनियम, दो हजार तेरह के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की।

<><><><><><><><><>

इन्वेस्ट इंडिया की ओर से उद्योग विभाग के सहयोग से हितधारकों के लिए परामर्श और एक ज़िला–एक उत्पाद संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में ओडीओपी पहल के तहत स्थानीय उत्पादों पर प्रकाश डालते हुए आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने और क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सहायक निदेशक अब्दुल रशीद और सुनीता कुमारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विभाग के उप–निदेशक अजीत आनंद ने अपने संबोधन में स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इन्वेस्ट इंडिया की ओडीओपी की वरिष्ठ सहायक उपाध्यक्ष सोनिया दुहान ने स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर ओडीओपी के प्रभावों पर जानकारी साझा करते हुए द्वीपसमूह के उत्पादों की वैश्विक क्षमता पर जोर दिया। जेम के बिजनेस प्रशिक्षक मनेश मोहन ने जेम के माध्यम से ओडीओपी उत्पादों को कुशलतापूर्वक बढ़ावा देने और बेचने के लिए सरकारी ई–मार्केट प्लेस पर ओडीओपी बाज़ार का लाभ उठाने के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में स्थानीय उत्पादों पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिससे लोगों को द्वीपसमूह की शिल्पकला और अन्य उत्पादों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हुआ।

इसमें खुदरा स्थान स्थापित करने की योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें कारीगरों के लिए एक स्थायी और व्यापक मंच प्रदान किया जा सके। इसके अलावा मत्स्य पालन, समुद्री क्षेत्र और नारियल उद्योग दोनों के चालीस से अधिक विक्रेताओं के साथ–साथ उद्योग, समुद्री कृषि और एम्पोरियम विभाग के केंद्रशासित प्रदेश के अधिकारियों के साथ वर्तमान चुनौतियों और मुद्दों को समझने के लिए हितधारकों के लिए एक परामर्श सत्र आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इन्वेस्ट इंडिया के ओडीओपी प्रबंधक इशदीप सिंह ने किया।

<><><><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्रामीण विकास निदेशालय के प्रशिक्षुओं और बैंक सखियों के लिए हाल ही में आयोजित पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में केन्द्रशासित स्तरीय बैंकर्स समिति के मुख्य प्रबंधक उमर फारूक और आर सेती के निदेशक सी राज

उपस्थित थे। प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उमर फारूख ने ग्रामीण लोगों के बीच बैंक सखियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि सी राज ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

<><><><><><><><>

लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज संस्था के अभियंताओं और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों से जुड़े ठेकेदारों के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण और कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मुख्य अभियंता कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में रखा गया है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के लिए ई–मार्ग ऐप के माध्यम से मौके पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए क्षेत्र का दौरा शामिल है। प्रशिक्षण का उद्घाटन डी एस ई संयुक्त महानिदेशक प्रदीप अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर विभाग के मुख्य अभियंता टी.के. प्रीजीत रेख, ग्रामीण विकास निदेशक शिव सिंह मीना और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। संयुक्त महानिदेशक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सभी प्रतिभागियों से ई–मार्ग एप्लिकेशन के उपयोग को समझने और द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के कार्यों के निष्पादन के दौरान इसका उपयोग करने का अनुरोध किया, जिससे ग्रामीण विकास मंत्रालय के ऑनलाइन पोर्टल पर कार्यों की प्रगति और उसके रखरखाव के अद्यतन में सुधार होगा। कार्यशाला का उद्देश्य अभियंताओं और ठेकेदारों को ई–मार्ग के पहले और बाद के पांच वर्षीय डी एल पी मॉड्यूल की कार्यक्षमताओं और लाभों से परिचित कराना है। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता टीके प्रिजीत रेख ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए द्वीपों में विभिन्न एजेंसियों और विभिन्न हितधारकों द्वारा बनाए गए सड़क बुनियादी ढांचे के रखरखाव के लिए धन की कमी के कारण होने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी। <><><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने अंडमान कॉलेज के 'रेड रिबन क्लब' के युवाओं के लिए एचआईवी और एड्स की रोकथाम एवं नियंत्रण पर एक अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सत्तर से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा, एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने जी.बी. पंत अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। शिविर में कुल छत्तीस यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा के नेतृत्व में और एनकॉल के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष डॉ. जोचिबेद विंसेंट के सहयोग से किया गया। छात्रों को एस टी आई, एच आई वी और एड्स की रोकथाम और नियंत्रण में इसकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों सहित इसके संचरण, रोकथाम और उपचार के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई।

<><><><><><><><>

खेल और युवा मामले विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के लिए तैराकी पर कोचिंग कक्षाएं आयोजित की जाएगी। नेताजी स्टेडियम के तरणताल में सोमवार और अन्य सार्वजनिक अवकाश छोड़कर सभी दिनों में शाम साढ़े तीन बजे से पांच बजे तक कोचिंग दिया जाएगा। कोचिंग कक्षा के लिए पंजीकरण का कार्य ग्यारह से पन्द्रह नवम्बर तक किसी भी कार्य दिवसों में नेताजी स्टेडियम में किया जाएगा।

<><><><><><><><>

कॉर्बिन कोव रोड स्थित साइंस सेंटर में कल शाम साढ़े पांच बजे 'बबल शो' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान, प्रदर्शनकर्ता छोटे बुलबुले से लेकर विशाल बुलबुले, बच्चों के सबसे पसंदीदा डोरेमोन, क्यूबिक, कैटरपिलर, आग के बुलबुले और कई अन्य तरह के बुलबुले तैयार करेंगे। बबल शो के लिए प्रवेश शुल्क दस रुपये प्रति व्यक्ति है।

<><><><><><><><>

डीब्रेट में ट्रेड डिप्लोमा कोर्स के लिए मई–जून, दो हजार चौबीस में आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्रों को सलाह दी गई है कि वे अपने परिणाम के लिए संबंधित संकाय प्रभारी या शैक्षणिक प्रकोष्ठ से संपर्क करें।

<><><><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय से दो हजार इक्कीस, बाईस और तेईस में अपना पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्र केवल तत्काल योजना के तहत अपना डिग्री प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><><>